Series : 5LMKN

SET ~ 1

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **30/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट/ NOTE :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. {}

# गणित (मानक)

# MATHEMATICS (Standard)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।*

*(iii)* *खण्ड – **क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *खण्ड – **ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* *खण्ड – **ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *खण्ड – **घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *खण्ड – **ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प **2** अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड – **ख** के **2** प्रश्नों में, खण्ड – **ग** के **2** प्रश्नों में, खण्ड – **घ** के **2** प्रश्नों में तथा खण्ड-**ङ** के **2** अंकों के **3** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *जहाँ आवश्यक हो, स्वच्छ आकृतियाँ बनाएँ । यदि आवश्यक हो तो $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

*(x)* *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## General Instructions :

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***38*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper is divided into* ***FIVE*** *Sections –* ***A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* *In Section–****A****, questions number* ***1*** *to* ***18*** *are Multiple Choice Questions (MCQs) and questions number* ***19*** *and* ***20*** *are Assertion-Reason based questions of* ***1*** *mark each.*

*(iv)* *In Section–****B****, questions number* ***21*** *to* ***25*** *are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying* ***2*** *marks each.*

*(v)* *In Section–****C****, questions number* ***26*** *to* ***31*** *are Short Answer (SA) type questions, carrying* ***3*** *marks each.*

*(vi)* *In Section–****D****, questions number* ***32*** *to* ***35*** *are Long Answer (LA) type questions, carrying* ***5*** *marks each.*

*(vii)* *In Section–****E****, questions number* ***36*** *to* ***38*** *are Case Study based questions carrying* ***4*** *marks each. Internal choice is provided in* ***2*** *marks questions in each case-study.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***2*** *questions in Section–****B****,* ***2*** *questions in Section–****C****,* ***2*** *questions in Section–****D*** *and* ***3*** *questions of* ***2*** *marks in Section–****E****.*

*(ix)* *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

*(x)* *Use of calculator is* ***NOT*** *allowed.*

## खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 20 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।**

1. k का ऐसा मान जिसके लिए समीकरण $kx^2 - 6x - 4 = 0$ के मूल वास्तविक तथा समान हैं, है

   (A) $\frac{9}{4}$ (B) $-4$

   (C) $-\frac{9}{4}$ (D) $-2$

2. बिंदुओं $P(-4, -2)$ तथा $Q(10, 4)$ को जोड़ने वाले रेखाखंड को y-अक्ष निम्न अनुपात में विभाजित करती है

   (A) 2 : 5 (B) 1 : 2


   (C) 2 : 1 (D) 5 : 2

3. बहुपद $p(x)$ के शून्यक –3 तथा 8 हैं। बहुपद $p(x)$ है

   (A) $x^2 + 5x - 4$ (B) $(x + 3)(-x + 8)$

   (C) $a(x^2 + 5x - 24)$ (D) $x^2 - 24$

4. दी गयी आकृति में, केन्द्र O वाले वृत्त पर खींची गयी स्पर्श रेखा PQ है। बिन्दु S वृत्त पर इस प्रकार स्थित है कि $\angle SQT = 55°$ है। $\angle QPS$ की माप है




   (A) 55° (B) 20°

   (C) 35° (D) 70°

5. समरूपता की कसौटी SAS का प्रयोग करते हुए देवांश ने सिद्ध किया कि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ है। यदि $\angle C = \angle R$ है, तो निम्न में से कौन सा कथन सही पाया गया ?

   (A) $\frac{AC}{AB} = \frac{PR}{PQ}$ (B) $\frac{BC}{AC} = \frac{PR}{QR}$

   (C) $\frac{AC}{BC} = \frac{PR}{PQ}$ (D) $\frac{AC}{BC} = \frac{PR}{QR}$

## SECTION – A

**Q. Number 1 to 20 are multiple choice questions of 1 mark each.**

1. The value of k for which the equation $kx^2 - 6x - 4 = 0$ has real and equal roots, is

   (A) $\frac{9}{4}$ (B) $-4$

   (C) $-\frac{9}{4}$ (D) $-2$

2. The line segment joining the points P(–4, –2) and Q(10, 4) is divided by y-axis in the ratio

   (A) 2 : 5 (B) 1 : 2


   (C) 2 : 1 (D) 5 : 2

3. If the zeroes of a polynomial $p(x)$ are –3 and 8, then $p(x)$ equals

   (A) $x^2 + 5x - 4$ (B) $(x + 3)(-x + 8)$

   (C) $a(x^2 + 5x - 24)$ (D) $x^2 - 24$

4. In the given figure, PQ is tangent to the circle with centre O. S is a point on the circle such that $\angle SQT = 55°$. The m $\angle QPS$ is




   (A) 55° (B) 20°

   (C) 35° (D) 70°

5. Devansh proved that $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ using SAS similarity criteria. If he found $\angle C = \angle R$, then which of the following was proved true ?

   (A) $\frac{AC}{AB} = \frac{PR}{PQ}$ (B) $\frac{BC}{AC} = \frac{PR}{QR}$


   (C) $\frac{AC}{BC} = \frac{PR}{PQ}$ (D) $\frac{AC}{BC} = \frac{PR}{QR}$

6. एक वर्गीकृत बारम्बारता सारणी का माध्य ज्ञात करते हुए पग विचलन विधि का प्रयोग किया गया । $\left(\frac{x-a}{h}=u\right)$ यदि प्राप्त $\bar{x}=64$, $h=5$ तथा $a=62.5$ है तो $\bar{u}$ का मान है :

(A) 0.5 (B) 1.5

(C) 0.3 (D) 7.5

7. 10 cm त्रिज्या वाले, लकड़ी से बने एक ठोस अर्धगोले में से अधिकतम आयतन का एक शंकु काटकर निकाला जाता है । प्राप्त शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल है : ($\pi = 3.14$ लीजिए)



(A) $314\sqrt{2}$ cm$^2$ (B) 314 cm$^2$

(C) $\frac{3140}{3}$ cm$^2$ (D) $3140\sqrt{2}$ cm$^2$

8. यदि एक A.P. $-\frac{15}{4}, -\frac{10}{4}, -\frac{5}{4}, \ldots\ldots$ का nवाँ पद $a_n$ हो, तो $a_{16}-a_{12}$ का मान है

(A) 4 (B) $\frac{5}{4}$

(C) 5 (D) $\frac{25}{4}$

9. द्विघात समीकरण $x^2 - px + 6 = 0$ के मूल परिमेय हैं । p का निम्न में से कौन सा मान है ?

(A) 1 (B) –5


(C) 25 (D) $\sqrt{5}$

6. While calculating mean of a grouped frequency distribution, step deviation method was used $\left(\frac{x-a}{h}=u\right)$. It was found that $\bar{x}=64$, h = 5 and a = 62.5. The value of $\bar{u}$ is

(A) 0.5 (B) 1.5

(C) 0.3 (D) 7.5

7. A conical cavity of maximum volume is carved out from a wooden solid hemisphere of radius 10 cm. Curved surface area of the cavity carved out is (use $\pi = 3.14$)



(A) $314\sqrt{2}$ cm$^2$ (B) 314 cm$^2$

(C) $\frac{3140}{3}$ cm$^2$ (D) $3140\sqrt{2}$ cm$^2$

8. If $a_n$ represents $n^{th}$ term of the A.P. $-\frac{15}{4}, -\frac{10}{4}, -\frac{5}{4}$, ...... then value of $a_{16} - a_{12}$ is

(A) 4 (B) $\frac{5}{4}$

(C) 5 (D) $\frac{25}{4}$

9. The value of p for which roots of the quadratic equation $x^2 - px + 6 = 0$ are rational, is

(A) 1 (B) –5

(C) 25 (D) $\sqrt{5}$

10. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या किसी घटना की प्रायिकता नहीं हो सकती ?

(A) $\frac{39}{100}$ (B) $\frac{0.001}{20}$

(C) $\frac{10}{0.2}$ (D) 10%

11. ताश की 52 पत्तों की अच्छे प्रकार से फेंटी गयी गड्डी में से एक पत्ता यादृच्छया निकाला जाता है । निकाले गये पत्ते के दस या बादशाह होने की प्रायिकता है

(A) $\frac{1}{26}$ (B) $\frac{2}{13}$

(C) $\frac{1}{13}$ (D) $\frac{8}{26}$

12. एक तंबू अर्धगोले के आकार का है । इसकी त्रिज्या 1.4 m है तथा इसमें दरवाजे के लिए 0.50 $m^2$ क्षेत्रफल वाली खुली जगह दी है । तंबू का बाहरी पृष्ठीय क्षेत्रफल है

(A) 11.78 $m^2$ (B) 12.32 $m^2$

(C) 11.82 $m^2$ (D) 12.86 $m^2$

13. 2.2 cm लम्बी एक चाप, 2.8 cm त्रिज्या वाले वृत्त के केन्द्र पर कोण $\theta$ अंतरित करती है । $\theta$ का मान है

(A) 50° (B) 60°

(C) 45° (D) 30°

14. न्यूनकोण $\theta$ के लिए, यदि $\sin \theta = \frac{1}{9}$ है, तो $\frac{9 \text{ cosec } \theta + 1}{9 \text{ cosec } \theta - 1}$ का मान है

(A) 0 (B) $\frac{80}{81}$

(C) 1 (D) $\frac{82}{80}$

10. Which of the following can not be the probability of an event ?

(A) $\frac{39}{100}$

(B) $\frac{0.001}{20}$

(C) $\frac{10}{0.2}$

(D) 10%

11. A card is drawn at random from a well shuffled deck of 52 playing cards. The probability that it is either a ten or a king is

(A) $\frac{1}{26}$

(B) $\frac{2}{13}$

(C) $\frac{1}{13}$

(D) $\frac{8}{26}$

12. A camping tent in hemispherical shape of radius 1.4 m, has a door opening of area 0.50 $m^2$. Outer surface area of the tent is

(A) 11.78 $m^2$

(B) 12.32 $m^2$

(C) 11.82 $m^2$

(D) 12.86 $m^2$

13. An arc of length 2.2 cm subtends an angle θ at the centre of the circle with radius 2.8 cm. The value of θ is

(A) 50°

(B) 60°

(C) 45°

(D) 30°

14. For an acute angle θ, if $\sin \theta = \frac{1}{9}$, then value of $\frac{9 \operatorname{cosec} \theta + 1}{9 \operatorname{cosec} \theta - 1}$ is


(A) 0

(B) $\frac{80}{81}$

(C) 1

(D) $\frac{82}{80}$

15. दी गयी आकृति में, PQ $\parallel$ YZ तथा XP : PY = 2 : 3 है । यदि PQ = 5 cm है, तो YZ बराबर है




(A) 12.5 cm (B) 10 cm


(C) 15 cm (D) 7.5 cm

16. मीना ने हिसाब लगाया कि लॉटरी में उसके प्रथम पुरस्कार जीतने की प्रायिकता 0.08 है । यदि कुल 800 टिकट बिके हों, तो मीना द्वारा खरीदे गये टिकटों की संख्या है

(A) 64 (B) 640

(C) 100 (D) 10

17. भूमि पर एक बिन्दु A से एक खम्भे BC के शिखर 60° का उन्नयन कोण बनाते हुए एक तार बाँधा गया है । यदि AB = $5\sqrt{3}$ m है, तो तार की लम्बाई है




(A) 10 m (B) $10\sqrt{3}$ m


(C) 15 m (D) $\frac{5}{2}\sqrt{3}$ m

18. $\frac{\sec A}{\sqrt{\sec^2 A - 1}}$ का सरलतम रूप है

(A) sin A (B) tan A

(C) cosec A (D) cos A

15. In the given figure, PQ $\parallel$ YZ such that XP : PY = 2 : 3. If PQ = 5 cm, then YZ equals




(A) 12.5 cm (B) 10 cm


(C) 15 cm (D) 7.5 cm

16. Meena calculates that the probability of her winning the first prize in a lottery is 0.08. If total 800 tickets were sold, the number of tickets bought by her, is

(A) 64 (B) 640

(C) 100 (D) 10

17. A wire is attached from a point A on the ground to the top of a pole BC, making an angle of elevation as 60°. If AB = $5\sqrt{3}$ m, then length of the wire is




(A) 10 m (B) $10\sqrt{3}$ m

(C) 15 m (D) $\frac{5}{2}\sqrt{3}$ m

18. Simplest form of $\dfrac{\sec A}{\sqrt{\sec^2 A - 1}}$ is

(A) sin A (B) tan A

(C) cosec A (D) cos A

## (अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न)

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन (A) और तर्क (R) आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं । जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है जबकि तर्क (R) सही है ।

19. **अभिकथन (A)** : रैखिक समीकरण युग्म $3x - 5y + 7 = 0$ तथा $-6x + 10y + 14 = 0$ असंगत है ।

**तर्क (R)** : जब दो रैखिक समीकरणों का अद्वितीय हल नहीं होता, वे हमेशा समांतर रेखायें निरूपित करती है ।

20. **अभिकथन (A)** : H.C.F. $(36\ m^2, 18\ m) = 18\ m$ है, यहाँ m एक अभाज्य संख्या है ।

**तर्क (R)** : दो संख्याओं का H.C.F. हमेशा छोटी संख्या से कम या उसके बराबर होता है ।

### खण्ड – ख

**प्रश्न संख्या 21 से 25 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है ।**

21. सिद्ध कीजिए कि $2 - 5\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है । दिया है कि $\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है ।

22. (a) समकोण त्रिभुज ABC, $\angle B = 90^\circ$ के शीर्ष बिंदु A(3, 4), B(1, 1) तथा C(–8, 7) हैं । tan A का मान ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) दूरी सूत्र का प्रयोग करते हुए दर्शाइये कि बिंदु A(2, 3), B(–7, 0) तथा C(–1, 2) संरेखीय हैं ।

### (Assertion and Reason Based Questions)

**Directions :** Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled Assertion (A) and the other labelled Reason (R). Select the correct answer from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. **Assertion (A) :** The system of linear equations $3x - 5y + 7 = 0$ and $-6x + 10y + 14 = 0$ is inconsistent.

    **Reason (R) :** When two linear equations don't have unique solution, they always represent parallel lines.

20. **Assertion (A) :** H.C.F. $(36\ m^2, 18\ m) = 18\ m$, where m is a prime number.

    **Reason (R) :** H.C.F. of two numbers is always less than or equal to the smaller number.

## SECTION – B

**Q. Numbers 21 to 25 are very short answer questions of 2 marks each.**


21. Prove that $2 - 5\sqrt{3}$ is an irrational number given that $\sqrt{3}$ is irrational.

22. (a) Vertices of a right triangle ABC with $\angle B = 90°$ are A(3, 4), B(1, 1) and C(–8, 7). Find the value of tan A.

    **OR**

    (b) Using distance formula, prove that the points A(2, 3), B(–7, 0) and C(–1, 2) are collinear.

23. दी गयी आकृति में, AB || DE तथा AC || DF है । दर्शाइये कि $\Delta ABC \sim \Delta DEF$ है । यदि BC = 10 cm, EB = CF = 5 cm तथा AB = 7 cm है, तो DE की लम्बाई ज्ञात कीजिए ।




24. (a) मान ज्ञात कीजिए : $\dfrac{\sin^3 60° - \tan 30°}{\cos^2 45°}$

**अथवा**

(b) न्यून कोण A तथा B के लिए, यदि A + 2B तथा 2A + B न्यून कोण हैं, तथा $\tan (A + 2B) = \sqrt{3}$ तथा $\sin (2A + B) = \dfrac{1}{\sqrt{2}}$ है, तो कोण A तथा B का मान ज्ञात कीजिए ।

25. एक थैले में 25 गेंद हैं । उनमें से कुछ पीली तथा शेष हरी हैं । एक गेंद को यादृच्छया निकाला गया । यदि हरी गेंद के मिलने की प्रायिकता 3/5 है, तो पीली गेंदों की संख्या ज्ञात कीजिए ।

## खण्ड – ग

**प्रश्न संख्या 26 से 31 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक हैं ।**


26. 20 cm व्यास वाले एक वृत्त को एकसमान 5 त्रिज्यखंडों में विभाजित किया गया । किसी एक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल तथा परिमाप ज्ञात कीजिए ।

27. (a) एक A.P. में 15वाँ पद, 8वें पद से 21 अधिक है । यदि प्रथम 10 पदों का योग 55 है, तो A.P. लिखिए ।

**अथवा**

(b) एक A.P. के प्रथम n पदों का योग $2n^2 + 13n$ है । इसका nवाँ पद तथा फिर 10वाँ पद ज्ञात कीजिए ।

23. In the given figure, AB || DE and AC || DF. Show that $\Delta ABC \sim \Delta DEF$. If BC = 10 cm, EB = CF = 5 cm and AB = 7 cm, then find the length DE.




24. (a) Evaluate : $\dfrac{\sin^3 60° - \tan 30°}{\cos^2 45°}$

**OR**

(b) For acute angles A and B and A + 2B and 2A + B are acute if $\tan (A + 2B) = \sqrt{3}$ and $\sin (2A + B) = \dfrac{1}{\sqrt{2}}$, then find the measures of angles A and B.

25. A bag contains 25 balls. Some of them are yellow and others are green. One ball is drawn at random. If probability of getting a green ball is 3/5, then find the number of yellow balls.

## SECTION – C

**Q. Numbers 26 to 31 are short answer questions of 3 marks each :**

26. A circle of diameter 20 cm is equally divided into five sectors. Find the area and perimeter of one of the sectors.

27. (a) In an A.P., $15^{th}$ term exceeds the $8^{th}$ term by 21. If sum of first 10 terms is 55, then form the A.P.

**OR**

(b) The sum of first n terms of an A.P. is $2n^2 + 13n$. Find its $n^{th}$ term and hence $10^{th}$ term.

28. सिद्ध कीजिए :

$$\frac{\tan\theta}{1-\cot\theta}+\frac{\cot\theta}{1-\tan\theta} = 1+\tan\theta+\cot\theta$$

29. (a) बिंदु (2, 1) पर केन्द्रित वृत्त, बिंदुओं A(5, 6) तथा B(–3, K) से होकर गुजरता है । K का (के) मान ज्ञात कीजिए । अतः जीवा AB की लम्बाई ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) सिद्ध कीजिए कि बिंदुओं A(–1, 7) तथा B(4, –3) को जोड़ने वाले रेखाखंड को 3 : 2 के अनुपात में विभाजित करने वाला बिंदु P रेखा $x - 3y = -1$ पर स्थित है । PA व PB की लम्बाई भी ज्ञात कीजिए ।

30. निम्न रैखिक समीकरण युग्म को ग्राफीय विधि से हल कीजिए :

$x = 4$ तथा $3x - 2y = 6$

31. एक खिड़की की विमायें 156 cm × 216 cm हैं । अर्जुन खिड़की पर जाली लगाना चाहता है जो अधिकतम आकार के पूर्ण वर्गों से बनी हो । वर्ग की भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए । बनाये गये वर्गों की संख्या भी बताइए ।

## खण्ड – घ

**प्रश्न संख्या 32 से 35 तक दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं ।**


32. वेंकट अपनी नाव को स्थिर जल में 12 km/h की गति से चला सकता है । वह पर्यटकों को 15 km धारा के प्रतिकूल तथा 18 km धारा के अनुकूल लेकर जाता है और पूरी यात्रा में उसे 3 घंटे का समय लगता है । धारा की चाल ज्ञात कीजिए ।

33. (a) $\Delta ABC$ की भुजा BC का मध्यबिंदु D है । BF तथा CE का प्रतिच्छेद बिंदु O, AD पर स्थित है । AD को बिंदु G तक इस प्रकार बढ़ाया गया कि OD = DG है । सिद्ध कीजिए ।

(i) OBGC एक समांतर चतुर्भुज है ।

(ii) EF || BC है ।

(iii) $\Delta AEF \sim \Delta ABC$




**अथवा**

28. Prove that :

$$\frac{\tan\theta}{1-\cot\theta}+\frac{\cot\theta}{1-\tan\theta} = 1+\tan\theta+\cot\theta.$$

29. (a) A circle centered at (2, 1) passes through the points A(5, 6) and B(–3, K). Find the value(s) of K. Hence find length of chord AB.

**OR**

(b) Prove that the point P dividing the line segment joining the points A(–1, 7) and B(4, –3) in the ratio 3 : 2, lies on the line $x - 3y = -1$. Also find length of PA and PB.

30. Solve the system of linear equations : $x = 4$ and $3x - 2y = 6$ graphically.

31. The dimensions of a window are 156 cm × 216 cm. Arjun wants to put grill on the window creating complete squares of maximum size. Determine the side length of the square and hence find the number of squares formed.

## SECTION – D

**Q. numbers 32 to 35 are long answer questions of 5 marks each.**


32. Venkat can row a boat in still water at the speed of 12 km/h. He ferries tourists 15 km upstream and 18 km downstream in 3 hours. Find the speed of the stream.

33. (a) D is the mid-point of side BC of ΔABC. CE and BF intersect at O, a point on AD. AD is produced to G such that OD = DG. Prove that

(i) OBGC is a parallelogram.

(ii) EF || BC

(iii) ΔAEF ~ ΔABC





**OR**

(b) एक समांतर चतुर्भुज ABCD की भुजा CD के मध्यबिंदु Q से होकर जाती हुई रेखा AR खींची गयी है जो BD को बिंदु P तथा बढ़ाई गयी भुजा BC को बिंदु R पर काटती है । सिद्ध कीजिए ।

(i) AQ = QR

(ii) AP = 2PQ

(iii) PR = 2AP




34. (a) निम्न बारंबारता सारणी का माध्य 28 है । यदि सभी बारंबारताओं का योग 100 है, तो p तथा q का मान ज्ञात कीजिए :


| **वर्ग अंतराल** | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 | 50 – 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **बारंबारता** | 12 | p | 27 | 20 | q | 6 |

**अथवा**

(b) निम्न बारंबारता का माध्यक और बहुलक ज्ञात कीजिए :

| **वर्ग अंतराल** | 0 – 15 | 15 – 30 | 30 – 45 | 45 – 60 | 60 – 75 | 75 – 90 | 90 – 105 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **बारंबारता** | 15 | 10 | 12 | 9 | 8 | 10 | 6 |

35. 5 cm त्रिज्या तथा केन्द्र O वाले वृत्त की दो स्पर्श रेखायें PQ तथा PR हैं । OP वृत्त को बिंदु C पर काटती है जिस पर एक अन्य स्पर्श रेखा AB खींची गयी है । यदि OP = 13 cm है, तो AB तथा PA की लम्बाई ज्ञात कीजिए ।




(b) Through the mid-point Q of side CD of a parallelogram ABCD, the line AR is drawn which intersects BD at P and produced BC at R. Prove that

(i) AQ = QR

(ii) AP = 2PQ

(iii) PR = 2AP




34. (a) The mean of the following frequency distribution is 28. If sum of all frequencies is 100, then find the values of p and q :


| **Class Interval** | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 | 50 – 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Frequency** | 12 | p | 27 | 20 | q | 6 |

**OR**

(b) Find median and mode of the following distribution :

| **Class Interval** | 0 – 15 | 15 – 30 | 30 – 45 | 45 – 60 | 60 – 75 | 75 – 90 | 90 – 105 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Frequency** | 15 | 10 | 12 | 9 | 8 | 10 | 6 |


35. PQ and PR are two tangents to a circle with centre O and radius 5 cm. AB is another tangent to the circle at C which lies on OP. If OP = 13 cm, then find the length AB and PA.




## खण्ड – ङ

**प्रश्न संख्या 36 से 38 तक प्रकरण अध्ययन आधारित 3 प्रश्न है । प्रत्येक प्रश्न के 4 अंक हैं ।**

36.






ऊपर दी गयी आकृति में, चेनाब नदी के ऊपर बने एक रेलवे पुल की मेहराब (arch) को दिखाया गया है । यह एक परवलयाकार मेहराब है जो दो पहाड़ियों को बिंदु P तथा Q पर जोड़ती है । यदि वक्र परवलय को निरूपित करने वाला बहुपद $p(x) = -0.0025x^2 - 0.025x + 136$ है ।

ऊपरी दी गयी आकृति तथा सूचना के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) बिंदु A के निर्देशांक लिखिए । **1**


(ii) मेहराब का विस्तार (span) ज्ञात कीजिए । **1**


(iii) (a) दी गयी आकृति की सहायता से बहुपद $p(x)$ के शून्यक लिखिए । इन शून्यकों तथा बहुपदों के गुणांकों के बीच के संबंध की सत्यता की जाँच कीजिए । **2**

**अथवा**

(iii) (b) $x = 100$ तथा $x = -100$ पर बहुपद $p(x)$ का मान ज्ञात कीजिए । क्या यह दोनों मान समान हैं ? **2**

37. दीवार पर घनाभ के आकार का एक लैंप लगा है जो कपड़े से बना है । यह ऊपर तथा नीचे से खुला है । लैंप के अंदर 7 cm व्यास वाला एक गोलाकार बल्ब है जो एक पतली छड़ी पर टिका है । (कार्य करते समय छड़ी को अनदेखा करें)








घनाभ की विमायें 24 cm × 12 cm × 17 cm हैं ।

## SECTION – E

**This section (Q. 36 to 38) has 3 case study based questions of 4 marks each.**

36. 




An arch of a railway bridge, built on Chenab riverbed, is shown in the above diagram. It is a parabolic arch connecting two hills at P and Q. If the parabolic curve is represented by the polynomial $p(x) = -0.0025x^2 - 0.025x + 136$.

Observe the diagram and based on above information, answer the following questions :

(i) Write the co-ordinates of point A. **1**


(ii) Find the span of the arch. **1**


(iii) (a) Write the zeroes of the polynomial using diagram and verify the relationship between sum of zeroes and polynomials. **2**

**OR**

(iii) (b) Find the values of $p(x)$ at $x = 100$ and $x = -100$. Are they same ? **2**

37. A wall mounted lamp, made of fabric, is shown below. Lamp has cuboidal shape, open from top and bottom. A spherical bulb of diameter 7 cm is latched with a very thin rod. (Ignore the rod while making calculations.)






Dimensions of the cuboid are 24 cm × 12 cm × 17 cm.

(i) बल्ब का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । **1**

(ii) यदि हर तरफ से कम से कम 1 cm जगह छोड़नी जरूरी हो तो बल्ब का अधिकतम व्यास क्या हो सकता है ? **1**

(iii) (a) कपड़ा लगाते समय ऊपर तथा नीचे के किनारों पर 2 cm कपड़ा अंदर की तरफ मोड़ा गया है । प्रयुक्त कपड़े का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । **2**

**अथवा**

(iii) (b) लैंप के अंदर उपलब्ध रिक्त स्थान ज्ञात कीजिए । **2**

38.




पानी संगृहीत करने व आस-पास की कॉलोनियों में उपलब्ध कराने के लिये पानी की ऊँची टंकियों का प्रयोग किया जाता है ।

ऊपरी दी गयी आकृति में, AB पानी की एक ऊँची टंकी है तथा इससे 54 मीटर की दूरी पर स्थित CD एक बहुमंजिला भवन है ।

भवन की एक खिड़की (W) से टंकी के शिखर का उन्नयन कोण 45° है तथा इसके पाद का अवनमन कोण 30° है ।

(i) d (खिड़की की ऊँचाई) तथा y के बीच के संबंध को लिखिए । **1**

(ii) h का मान ज्ञात कीजिए । **1**

(iii) (a) पानी की टंकी की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । **2**

**अथवा**

(iii) (b) $x$ का मान तथा खिड़की की धरातल से ऊँचाई ज्ञात कीजिए । **2**

(i) Find the surface area of the bulb. **1**

(ii) What could be the maximum diameter of the bulb if at least 1 cm space is left from each side ? **1**

(iii) (a) Find the area of the fabric used if there is a fold of 2 cm on top and bottom edges. **2**

**OR**

(iii) (b) Find the space available inside the lamp. **2**

38. 


Elevated water storage tanks are built to store and supply water to nearby colonies. In the diagram given above, AB is an elevated water tank and CD is a nearby multistorey building. The building is 54 metres away from the water tank.

From a window (W) of the building, the angle of elevation of top of the tank is 45° and angle of depression of its foot is 30°.

(i) Write a relation between d (the height of window) and y. **1**

(ii) Determine the value of h. **1**

(iii) (a) Determine height of the water tank. **2**

**OR**

(iii) (b) Find the value of $x$ and height of the window above ground level. **2**